Doon Public School Bhuj

Sub:Hindi **Class:VI**

पाठ-2 सरस्वती पाठशाला **Date:01/05/2020**

(पाठ्यपुस्तिका-अभ्यास कार्य)

पाठ-चर्चा

बताइए -

प्र:1 सरस्वती पाठशाला कहाँ थी ?

उ:1 सरस्वती पाठशाला झाँसी में सदर बाज़ार के पास , किले के सामने थी |

प्र:2 स्कूल में बँटे मैडल की क्या विशेषता थी ?

उ:2 मैडल पीतल या तांबे के बने हुए थे | उन पर जॉर्ज पंचम की तस्वीर बनी हुई थी |

प्र:3 मास्टर स्वरूपनाथ में क्या विशिष्टता थी ?

उ:3 मास्टर स्वरूपनाथ अंग्रेज़ी के शिक्षक थे | वे नाते कद के कुशल अध्यापक थे | उनकी लिखावट बहुत सुंदर थी | वे कभी भी विद्यार्थियों को डाँटते नहीं थे |

लिखिए -

क, कुछ शब्दों में

1. **सरस्वती पाठशाला को राष्ट्रीय चेतना का गढ़ क्यों कहा गया है ?**

   उत्तर: राष्ट्रीय गतिविधियों के कारण सरस्वती पाठशाला को राष्ट्रीय चेतना का गढ़ कहा गया है |

2. **राष्ट्रीयता की लहर ने छात्र-अध्यापक संबंध कैसे बदल डाले थे ?**

   उत्तर: उनके बीच मित्रों जैसा संबंध हो गया |

ख. पाठांश

1. **लेखक को किस बात का विश्वास था ?** उनके स्कूल में बहुत अच्छे खिलाड़ी थे |

2. **हरनारायण को कैसा गेंदबाज़ कह सकते हैं ?** सबसे तेज़ गेंद फेंकने वाला

3. **भीमप्रताप सिंह अपने नाम के अनुरूप थे ,कैसे ?** वे लंबे, चौड़े और विशाल आकार के थे |

बहुविकल्पी प्रश्न

उचित विकल्प पर ✓ सही का निशान लगाइए -

1. **किले से लगे हुए स्थान का नाम था –**

i. सीपरी बाज़ार ii. शीपरी iii. सदर ✓ iv. छावनी

2. सदर से स्टेशन की दूरी थी –

i. दो मील ✓ ii. पाँच मील iii. छह मील iv चार मील

3. स्कूल में जलाई गई होली में जलाए गए –

i. विदेशी कपड़े ii. कुरते iii. पायजामे iv टोपियाँ ✓

भाषा – मंजूषा

उपसर्ग

उपसर्ग लगाकर शब्दों का निर्माण कीजिए –

काबू	आकार	शासन	मान	अंत	कृति	वाद	सुंदर	पुत्र
बेकाबू	**निराकार**	**कुशासन**	**अपमान**	**अनंत**	**आकृति**	**विवाद**	**असुंदर**	**कुपुत्र**

उचित स्थान पर नुकता लगाइए –

इज्ज़त, फ़नकार, फ़कीर , टेलिविज़न , ज़मीन, ज़रा. मज़हब, मंज़िल, टेलीफ़ोन

(नोटबुक-कार्य)

कठिन शब्द

1. मोहल्ला
2. खपरैल
3. अधिवेशन
4. स्मरण
5. संबंध-विच्छेद
6. अमिट
7. निराकार
8. अधिकांश
9. मूर्तियाँ
10. मैकडलन
11. नहरन
12. प्रतिज्ञा
13. अभिमान
14. खूँखार
15. पर्यायवाची

अधिकतम शब्दों में -

1. सरस्वती पाठशाला राष्ट्रीय पाठशाला में कैसे परिवर्तित हो गई ?

उत्तर – सरस्वती पाठशाला ने सरकार से संबंध तोड़ दिए और राष्ट्रीय पाठशाला बन गई | पाठशाला में देशी गतिविधियाँ होने लगी और विदेशी कपड़ों (टोपियों) को जला दिया गया |

2. सरस्वती पाठशाला का लेखक पर क्या प्रभाव पड़ा ?

उत्तर - सरस्वती पाठशाला के राष्ट्रीय होने के दो वर्षों बाद जो वातावरण लेखक को वहाँ मिला वैसा वातावरण फिर कभी नहीं मिला | इसलिए लेखक के मन में अमिट छाप पड़ गई |

3. मास्टर शब्द मित्र का पर्यायवाची क्यों बन गया ?

उत्तर - खेल में पंजा लड़ाने में ,पढ़ाने-लिखाने में छात्रों के साथ अध्यापक भी हिस्सा लेते थे | उनके इसी मैत्रीपूर्ण व्यवहार के कारण मास्टर शब्द मित्र का पर्यायवाची बन गया |

4. आशय स्पष्ट कीजिए – प्रशंसा सुनकर मुझे अभिमान हो जाएगा |

उत्तर – मास्टर रुद्रनारायण के द्वारा लेखक की प्रशंसा किए जाने पर लेखक का विचार था कि इससे उसके मन में यह धारणा हो जाएगी कि वे अच्छी मूर्तियाँ बनाने लगे हैं | तब उन्हें अपनी कमियों का पता नहीं चलेगा |